‘यूथ एक्सचेंज फॉर चेंज’ प्रोजेक्ट में मध्य प्रदेश की दो युवतियाँ चयनित

चर्चा में क्यों?

28 जनवरी, 2023 को गैर-सरकारी संगठन ‘यूथ एक्सचेंज फॉर चेंज’ प्रोजेक्ट की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आभा शर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय ‘यूथ एक्सचेंज फॉर चेंज’ प्रोजेक्ट इंटरनेशनल प्रोजेक्ट में भारत की चार युवतियों का चयन हुआ है, जिनमें से दो युवतियाँ मध्य प्रदेश की हैं।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आभा शर्मा ने बताया कि ‘यूथ एक्सचेंज फॉर चेंज’ प्रोजेक्ट इंटरनेशनल प्रोजेक्ट है। इसमें भारत की चार युवतियों का चयन हुआ है, जिनमें से दो युवतियाँ मध्य प्रदेश के पन्ना ज़िले के महोंद्रा ग्राम की सोनाली विश्विकर्मा और गुना की वर्षा जाटव हैं।
- आभा शर्मा ने बताया कि ‘यूथ एक्सचेंज फॉर चेंज’ प्रोजेक्ट में मध्य प्रदेश के पन्ना ज़िले के महोंद्रा ग्राम की सोनाली विश्विकर्मा और गुना की वर्षा जाटव का चयन हुआ है। अन्य दो युवतियाँ खुशबू और काजल कनौजिया उत्तर प्रदेश के बनारस ज़िले की हैं। ये चारों युवतियाँ इस प्रोजेक्ट के तहत भारत को रिप्रेजेंट कर रही हैं।
- इस प्रोजेक्ट का कोलॉबोरेशन भारत में कार्यरत् संस्था ‘मलिान फाउंडेशन’ और नेपाल में कार्यरत् संस्था ‘पीआरसी’ के साथ है। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से ये युवतियाँ यूथ की आवाज़ को विश्व स्तर पर पहुँचाएंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/two-girls-from-madhya-pradesh-selected-in-youth-exchange-for-change-project